Prabhat Khabar, Kolkata, Aug 10 2012

नेशनल जेम्स हाइ स्कूल की टीम उपविजेता

कोलकाता ▪ टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) की ओर से, इंटर स्कूल आइटी क्विज, टीसीएस आइटी विज का आयोजन कला मंदिर में हुआ. प्राथमिक राउंड के बाद फाइनल में लॉयला स्कूल, जमशेदपुर के शुभम अग्रवाल और अविरल दासगुप्ता ने विजेता ट्रॉफी जीत ली. दोनों को गैलेक्सी नोट भी मिले. दूसरा स्थान नेशनल जेम्स हाइ स्कूल कोलकाता के सौम्यज्योति भट्टाचार्य और देबारून बनर्जी ने जीता. उन्हें रनर्स अप की ट्रॉफी के अलावा गैलेक्सी टैब मिले. मुख्य अतिथि के तौर पर टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस के वाइस प्रेसिडेंट व हेड (ग्लोबल एचआर) अजॉयेंद्र मुखर्जी उपस्थित थे. श्री मुखर्जी ने टीसीएस कोलकाता के सेंटर हेड श्रीधर बनर्जी के साथ पुरस्कार दिये. श्री बनर्जी ने कहा कि मौजूदा पीढ़ी की जागरूकता का स्तर काफी ऊंचा है. ये युवा नेशनल फाइनल में भी महानगर का नाम ऊंचा करेंगे. सभी छह फाइनलिस्ट को गिफ्ट हैंपर्स मिले. दर्शकों को भी सही जवाब देने पर पुरस्कार दिये गये. सबसे अधिक उत्साह बढ़ाने वाले स्कूल को भी पुरस्कार दिया गया. टीसीएस आइटी विज 2012 का शुरुआती राउंड 14 शहरों में हो रहा है. इनमें हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोची, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली हैं. क्षेत्रीय राउंड के बाद नेशनल फाइनल दिसंबर में होगा. सभी 14 शहरों की विजेता टीमें संयुक्त अरब अमीरात के विजेता के साथ चैंपियन टाइटल का मुकाबला करेंगी. विजेता को टीसीएस के सीइओ एन चंद्रशेखरन के साथ बातचीत का भी मौका मिलेगा.